**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**20.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे**

**मॉनसून सत्र**

संसद का मॉनसून सत्र कल से शुरू होगा जो 21 अगस्त तक चलेगा। सत्र के दौरान दोनों सदनों की कुल 21 बैठकें होंगी। सरकार ने मानसून सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक में सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा करेगी।

.........................................................................

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन के महत्व पर जोर देते हुए एक लेख साझा किया है और इसे नशा मुक्त भारत की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया के एक पोस्ट के जवाब में, प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉ. मांडविया ने विस्तार से बताया है कि युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन किस तरह से नशा मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन काशी के पवित्र घाटों पर विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा विषय पर आयोजित किया जा रहा है। दो दिन का यह शिखर सम्मेलन कल शुरू हुआ था और यह मोदी सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान का हिस्सा है।

.........................................................................

**केंद्रीय टीम**

प्रदेश में भारी बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए केंद्रीय टीम कल अपने तीन दिवसीय दौरे पर मंडी पहुंची।

सात सदस्यीय केंद्रीय दल ने धर्मपुर क्षेत्र में आपदा से हुए नुकसान का जायज़ा लिया। इस दल में गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव पार्थसारथी सहित विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने केंद्रीय दल को प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की जानकारी दी और राहत व पुनर्वास कार्य से अवगत कराया। ये दल आज थुनाग, जंजैहली और करसोग सहित अन्य क्षेत्रों में भारी वर्षा से हुए नुकसान का आकलन करेगा।

.........................................................................

**सुंदर सिंह**

कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा है कि जिला में केन्द्र या प्रदेश सरकार द्वारा बड़े प्रोजेक्ट में सहकारी सभाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सरवरी में जिला कुल्लू सहकार

सभा समिति के वार्षिक अधिवेशन में उन्होंने ये बात कही। उन्होंने कहा कि इससे सहकारी सभाओं की भी आमदनी हो सकेगी और ग्रामीण स्तर पर लोगों को इसका फायदा मिल सकेगा।

---

**स्वच्छता अभियान**

किन्नौर जिला मुख्यालय रिकांगपिओ में स्थानीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा एक दिवसीय स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें मुख्यालय व आस–पास के क्षेत्रों में साफ सफाई की गई। सदस्य सचिव व उपमंडलाधिकारी कल्पा अमित कल्थाईक ने बताया कि जिले को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के दृष्टिगत इस स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया ताकि पर्यावरण संरक्षण के प्रति आम लोगों को जागरूक किया जा सके।

---

**मौसम**

प्रदेश के अनेक भागों में पिछले 24 घण्टों से रूक–रूक कर मॉनसून की वर्षा का क्रम जारी है। वहीं मंडी, कुल्लू, चंबा, किन्नौर जिलें में बादल छाए हुए हैं। राज्य में अब तक वर्षा से जुड़ी घटनाओं में एक सौ 19 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 34 लोग लापता हैं। प्रदेशभर में भूस्खलन से एक सौ 46 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं, जबकि 28 बिजली लाईनें और 58 पेयजल योजनाएं भी बाधित हैं। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि कल 21 और 22 जुलाई को सोलन, शिमला, मंडी, सिरमौर और कांगड़ा ज़िले में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

---